as have been approved/regularised since then, separately for each year ;

(c) the names of such colonies among them as are still awaiting regularisation as on 30 June, 1983 and the likely date by which these would be approved ; and

(d) if not, the reasons therefor ?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF WORKS AND HOUSING (SHRI MOHAMMED USMAN ARIF) : (a) to (d). The information is being collected and will be laid on the Table of the Sabha.

राजस्थान के सिरोही जिले में सूखा/दुर्भिक्ष

155. **श्री रघुनाथ सिह वर्मा :**
श्री शिव शरण वर्मा :

क्या **कृषि मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान सिरोही जिले (राजस्थान) और आस-पास के जिलों में व्याप्त सूखे और दुर्भिक्ष की स्थिति की ओर दिलाया गया है ;

(ख) यदि हां तो इस क्षेत्र में लोगों को दी गई राहत का ब्यौरा क्या है और जो राहत कार्य अभी तक किये जा रहे हैं उनका ब्यौरा क्या है ;

(ग) सूखे और दुर्भिक्ष के कारण जून, 1983 से कुल कितने व्यक्ति मरे हैं ; और

(घ) इस क्षेत्र में सरकार ने स्वास्थ्य संबंधी क्या उपाय किये हैं ?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री आरिफ मोहम्मद खां) : (क) से (घ) राज्य सरकार से जानकारी एकत्र की जा रही है और प्राप्त होते ही सभा पटल पर रख दी जाएगी।

राजस्थान में चने और गेहूं के उन्नत बीजों की खरीद

156. **श्री कृष्ण कुमार गोयल :** क्या **कृषि मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्ष 1983 के दौरान राजस्थान में सरकार ने कुल कितने और किस भाव पर गेहूं और चने के उन्नत बीज खरीदे ; और

(ख) गत तीन वर्षों के दौरान उक्त राज्य के बूंदी और कोटा जिलों के कितने किसानों से उपरोक्त बीज खरीदा गया ?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री आरिफ मोहम्मद खां) : (क) सरकार बीजों की खरीद नहीं करती है। तथापि, सार्वजनिक क्षेत्र की दो एजेंसियां अर्थात् राजस्थान राज्य बीज निगम तथा राष्ट्रीय बीज निगम ने राजस्थान राज्य में उनकी खरीद की है। 1983 में, गेहूं तथा चने के बीजों की खरीदी जाने वाली कुछ मात्रा तथा उनकी दरें नीचे दी गई हैं :—

एजेंसी	गेहूं		चना	
	मात्रा क्विटल	दर रुपए प्रति क्विटल	मात्रा	दर रुपए प्रति क्विटल
राजस्थान राज्य बीज निगम	125191	200-240	5529	320
राष्ट्रीय बीज निगम	59000	*	22250	*

*(अन्तिम रूप दिया जाना है)